भारत सरकार

संस्कृति मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या : 5114

उत्तर देने की तारीख : सोमवार, 03 अप्रैल, 2023

13 चैत्र, 1945 (शक)

गेटवे ऑफ इंडिया में दरारें

5114. श्री धैर्यशील संभाजीराव माणे:
श्री प्रतापराव जाधव:
श्री श्रीरंग आप्पा बारणे:
श्री संजय सदाशिवराव मांडलिक:
श्री बिधुत बरन महतो:
श्री सुधीर गुप्ता:

क्या **संस्कृति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या गेटवे ऑफ इंडिया, मुम्बई की हाल ही में हुई संरचनात्मक संपरीक्षा में यह सामने आया है कि इसके अग्रभाग में दरारें हैं जो सरकार के लिए चिंता का विषय है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है:

(ख) क्या इस संबंध में केंद्र सरकार को कोई रिपोर्ट प्रस्तुत की गई है और यदि हां, तो उक्त रिपोर्ट के निष्कर्ष क्या है;

(ग) क्या सरकार को राज्य पुरातत्व और संग्रहालय निदेशालय से इसके पुनरूद्धार हेतु प्रस्ताव प्राप्त हुआ है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार ने उक्त प्रतिष्ठित स्मारक के पुनरूद्धार के लिए कोई निधि स्वीकृत और जारी की है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) इस प्रतिष्ठित स्मारक के संरक्षण के लिए सरकार द्वारा उठाए गए/उठाए जा रहे अन्य कदमों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

संस्कृति, पर्यटन और पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री

(श्री जी. किशन रेड्डी)

(क): मुम्बई का गेटवे ऑफ इंडिया, केंद्रीय संरक्षित स्मारक नहीं है। यह पुरातत्व और संग्रहालय विभाग, महाराष्ट्र सरकार के संरक्षणाधीन है। निरीक्षण के दौरान इसकी सतह पर कुछ दरारें पायी गई। संरचना को सम्यक रूप से भली-भांति परिरक्षित पाया गया।

(ख): इस संबंध में केंद्र सरकार को कोई रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं की गई है।

(ग) से (ड.): भारत सरकार को ऐसा कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है। पुरातत्व और संग्रहालय विभाग ने एक विस्तृत स्थल प्रबंधन योजना और गेटवे ऑफ इंडिया की मरम्मत करने के लिए 8,98,29,574/रू. की धनराशि का आकलन तैयार किया है। पर्यटन और सांस्कृतिक मामलों का विभाग, महाराष्ट्र सरकार ने इसे 10 मार्च, 2023 को अनुमोदित कर दिया है।

*****